दिनांक–08.10.2024 समय–7.10एएम

<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>आकाशवाणी, भोपाल</u>
<u>प्रातःकालीन समाचार</u>

मुख्य समाचार :–

- जम्मू कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आज होगी मतगणना।
- मुख्यमंत्री ने कहा–संयुक्त अभियान चलाकर नक्सलवादियों का करेंगे खातमा।
- सीहोर के भैरूंदा में आज ग्राम विकास सम्मेलन का आयोजन। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान होंगे शामिल।
- शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रदेश में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जारी।

<u>मतगणना</u>

जम्मू–कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव की मतगणना आज सुबह आठ बजे शुरू होगी। दोपहर तक परिणाम मिलने लगेंगे। आयोग की वेबसाइट **www.eci.gov.in** पर रुझान और परिणाम देने की व्यवस्था की गई है।

जम्मू–कश्मीर में आठ सौ 73 उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला होगा। केन्द्र शासित प्रदेश में 28 मतगणना केन्द्र बनाए गये हैं। जम्मू–कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों के लिए तीन चरणों में मतदान हुआ था।

हरियाणा में वोटों की गिनती के लिए 22 जिलों में 90 मतगणना केन्द्र बनाए गए हैं। हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों के लिए पांच अक्तूबर को मतदान हुआ था।

<u>नक्सलवाद मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सहित नक्सल प्रभावित राज्य संयुक्त अभियान चलाकर नक्सलियों का खात्मा करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में कल नई दिल्ली में नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ मध्यप्रदेश सरकार ने विगत दो वर्ष में जो कदम उठाए हैं वह पिछले तीन दशक में नहीं उठाए गए।

<u>पन्ना टाईगर रिजर्व</u>

पन्ना टाईगर रिजर्व में इन दिनों खुशी का माहौल है यहां बाघिन पी–141 ने 4 शावकों को जन्म दिया हें। इस सम्बन्ध मे पन्ना टाइगर रिजर्व की क्षेत्र संचालक अंजना सुचिता तिर्की ने बताया कि यह बघिन सैलानियों को दिखाई दी हें. इसकी सुरक्षा के लिए पार्क प्रबंधन नजर बनाये हुए हें। उन्होंने बताया कि यहां बाघों की संख्या 90 पार हो गयी हें।

<u>गुना राशन</u>

गुना जिले में राशन आपके द्वार का पायलेट प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। प्रदेश के खाद्य आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कल इस व्यस्था को देखा। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में राशन घर–घर पहुंचा जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पूरे प्रदेश में राशन आपके द्वार योजना लागू की जाएगी।

<u>ग्राम विकास सम्मेलन–सीहोर</u>

सीहोर जिले के भैरूंदा में आज "ग्राम विकास सम्मलेन" का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के मोबाइल ऐप "आवास सखी" तथा "ग्राम सड़क सर्वे एवं प्लानिंग ऐप" का सिंगल क्लिक के माध्यम से शुभारंभ होगा। और जानकारी हमारी सीहोर संवाददाता प्रदीप सिंह चौहान से........

आज सीहोर जिले के भैरूंदा में "ग्राम विकास सम्मलेन" का वृहद आयोजन होगा जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ,केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्र सरकार के ग्रामीण

विकास एवं संचार राज्य मंत्री डॉ. चन्द्र शेखर पेम्मासानी  तथा केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान समेत प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल , राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, पिछड़ा वर्ग मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर तथा सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल होगें। – इस आयोजन प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के मोबाइल ऐप "आवास सखी" तथा"ग्राम सड़क सर्वे एवं प्लानिंग ऐप" का सिंगल क्लिक के माध्यम से शुभारंभ होगा।

– पीएमजीएसवाई–प्ट के अन्तर्गत 500 किमी स्वीकृत सड़कों का सिंगल क्लिक के माध्यम से शुभारंभ– स्वयं सहायता समूह के लिए मध्यप्रदेश में 150 करोड़ रूपए के बैंक ऋण व सामुदायिक निवेश का सिंगल क्लिक के माध्यम से शुभारंभ किया जाएगा।– इस मौके पर 08 प्रसंस्करण इकाइयों का एवं 100 समुदाय प्रबंधित प्रशिक्षण केन्द्रों का सिंगल क्लिक के माध्यम से शुभारंभ किया जाएगा– मध्यप्रदेश के 05 नए जिलों में आरसेटी केन्द्र की स्थापना की स्वीकृति दी जाएगी।– जिले के 52818 तेंदूपत्ता संग्राहकों को 02 करोड़ 70 लाख रूपये बोनस राशि का वितरण – – मध्यप्रदेश सरकार की बांस मिशन योजना के अन्तर्गत 215 बांस हितग्राहियों को 2 लाख 90 हजार बांस पौधों की अनुदान राशि एक करोड़ 04 लाख 27 हजार रूपये का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया जाएगा

<u>नवरात्रि महोत्सव</u>

आज शारदीय नवरात्र का छठवां दिन है। इस दिन देवी मां के कात्यायनी स्वरूप की पूजा की जाती है। प्रदेश के देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और विशेष पूजा की जा रही है। इंदौर जिले में भी शारदीय नवरात्रि महोत्सव पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है ।

इंदौर जिले में नवरात्रि महोत्सव की धूम हर गली–मोहल्ले और चौराहों पर नजर आ रही है। जिलेभर में 3 हजार से अधिक स्थानों पर मां अंबे की प्रतिमा स्थापित कर प्रतिदिन धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे हैं। इंदौर के प्रसिध्द बिजासन माता मंदिर में इस नौ दिवसीय महोत्सव के लिए विशेष साज–सज्जा की गयी है। जिला प्रशासन ने यहां दर्शन के लिए इंदौर और आसपास के जिलों से आने वालें लाखों श्रध्दालुओं की संख्या को देखते हुए पर्याप्त सुरक्षा, पार्किंग, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवायी है। वहीं प्रसिध्द अन्नपूर्णा मंदिर में भी प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रध्दालुजन मां दुर्गा के दर्शनलाभ ले रहे हैं। जिलेभर में कई सार्वजनिक उत्सव समितियां गरबों के साथ भंडारों का भी आयोजन कर रही है। जिला प्रशासन ने नवरात्रि महोत्सव के दौरान बालिकाओं, युवतियों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर 7049119202 जारी किया है। इसके अलावा सभी गरबा आयोजकों को आयोजन स्थल पर सीसीटीवी लगाने के साथ ही पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल जिलेभर में मां अंबे की आराधना जारी है और श्रध्दालुजन पूरी तन्मयता से मां की भक्ति में सराबोर हैं।

<u>राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नयी दिल्ली में 70वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। ये पुरस्कार वर्ष 2022 के लिये दिये जायेंगे। इस अवसर पर विख्यात अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा क्षेत्र के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

.......................................

## न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

### (1) नक्सलवाद मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सहित नक्सल प्रभावित राज्य संयुक्त अभियान चलाकर  नक्सलियों का खात्मा करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में कल नई दिल्ली में नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ मध्यप्रदेश सरकार ने विगत दो वर्ष में जो कदम उठाए हैं वह पिछले तीन दशक में नहीं उठाए गए।**

(2) ग्राम विकास सम्मेलन-सीहोर

सीहोर जिले के भैरूंदा में आज “ग्राम विकास सम्मलेन“ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के मोबाइल ऐप “आवास सखी“ तथा “ग्राम सड़क सर्वे एवं प्लानिंग ऐप“ का सिंगल क्लिक के माध्यम से शुभारंभ होगा।

आज सीहोर जिले के भैरूंदा में “ग्राम विकास सम्मलेन“ का वृहद आयोजन होगा जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ,केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री डॉ. चन्द्र शेखर पेम्मासानी तथा केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान समेत प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल , राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, पिछड़ा वर्ग मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर तथा सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल होगें। - इस आयोजन प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के मोबाइल ऐप “आवास सखी“ तथा“ग्राम सड़क सर्वे एवं प्लानिंग ऐप“ का सिंगल क्लिक के माध्यम से शुभारंभ होगा ।

- पीएमजीएसवाई-प्ट के अन्तर्गत 500 किमी स्वीकृत सड़कों का सिंगल क्लिक के माध्यम से शुभारंभ- स्वयं सहायता समूह के लिए मध्यप्रदेश में 150 करोड़ रूपए के बैंक ऋण व सामुदायिक निवेश का सिंगल क्लिक के माध्यम से शुभारंभ किया जाएगा।- इस मौके पर 08 प्रसंस्करण इकाइयों का एवं 100 समुदाय प्रबंधित प्रशिक्षण केन्द्रों का सिंगल क्लिक के माध्यम से शुभारंभ किया जाएगा- मध्यप्रदेश के 05 नए जिलों में आरसेटी केन्द्र की स्थापना की स्वीकृति दी जाएगी।- जिले के 52818 तेंदूपत्ता संग्राहकों को 02 करोड़ 70 लाख रूपये बोनस राशि का वितरण - - मध्यप्रदेश सरकार की बांस मिशन योजना के अन्तर्गत 215 बांस हितग्राहियों को 2 लाख 90 हजार बांस पौधों की अनुदान राशि एक करोड़ 04 लाख 27 हजार रूपये का सिंगल क्ल्कि के माध्यम से अंतरण किया जाएगा

(3) नवरात्रि महोत्सव

आज शारदीय नवरात्र का छठवां दिन है। इस दिन देवी मां के कात्यायनी स्वरूप की पूजा की जाती है। प्रदेश के देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और विशेष पूजा की जा रही है। इंदौर जिले में भी षारदीय नवरात्रि महोत्सव पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है और ब्यौरा हमारे इंदौर संवाददाता से-

वीसी-संवाददाता, इंदौर

इंदौर जिले में नवरात्रि महोत्सव की धूम हर गली-मोहल्ले और चौराहों पर नजर आ रही है। जिलेभर में 3 हजार से अधिक स्थानों पर मां अंबे की प्रतिमा स्थापित कर प्रतिदिन धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे हैं। इंदौर के प्रसिध्द बिजासन

माता मंदिर में इस नौ दिवसीय महोत्सव के लिए विषेष साज-सज्जा की गयी है। जिला प्रषासन ने यहां दर्षन के लिए इंदौर और आसपास के जिलों से आने वालें लाखों श्रध्दालुओं की संख्या को देखते हुए पर्याप्त सुरक्षा, पार्किंग, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवायी है। वहीं प्रसिध्द अन्नपूर्णा मंदिर में भी प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रध्दालुजन मां दुर्गा के दर्षनलाभ ले रहे हैं। जिलेभर में कई सार्वजनिक उत्सव समितियां गरबों के साथ भंडारों का भी आयोजन कर रही है। जिला प्रषासन ने नवरात्रि महोत्सव के दौरान बालिकाओं, युवतियों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर 7049119202 जारी किया है। इसके अलावा सभी गरबा आयोजकों को आयोजन स्थल पर सीसीटीवी लगाने के साथ ही पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी नियुक्त करने के निर्देष दिए हैं। फिलहाल जिलेभर में मां अंबे की आराधना जारी है और श्रध्दालुजन पूरी तन्मयता से मां की भक्ति में सराबोर हैं।

(4) पन्ना टाईगर रिजर्व

पन्ना टाईगर रिजर्व में इन दिनों खुशी का माहौल है यहां बाघिन पी-141 ने 4 शावकों को जन्म दिया हें। इस सम्बन्ध मे पन्ना टाइगर रिजर्व की क्षेत्र संचालक अंजना सुचिता तिर्की ने बताया कि यह बघिन सैलानियों को दिखाई दी हें. इसकी सुरक्षा के लिए पार्क प्रबंधन नजर बनाये हुए हें। उन्होंने बताया कि यहां बाघों की संख्या 90 पार हो गयी हें।

(5) गुना राशन

गुना जिले में राशन आपके द्वार का पायलेट प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। प्रदेश के खाद्य आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कल इस व्यस्था को देखा। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में राशन घर-घर पहुंचा जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पूरे प्रदेश में राशन आपके द्वार योजना लागू की जाएगी।

--------------------